हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 19 मार्च 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


2 गर्मी के तेवर बढ़े, एमपी से आए मटका विक्रेता




## खबर संक्षेप

### पांच सूत्रीय मांगों को लेकर पेंशनर्स का धरना प्रदर्शन 20 को

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज 20 मार्च को पांच सूत्रीय मांगों के समर्थन में धरना-प्रदर्शन करेंगे। मांगों में पेंशरों के भुगतान के लिए धारा 49 के तहत सहमति की प्रक्रिया समाप्त करने, केंद्र के समान 1 जनवरी एवं 1जुलाई को मंहगाई राहत एवं लंबित 3 फीसदी मंहगाई राहत का भुगतान करने, छठवें वेतन के वर्षों से लंबित 32 माह एरियर्स भुगतान करने, सातवें वेतन का 27 माह का लंबित एरियर्स भुगतान करने, पेंशन कल्याण निधि से पेंशनर्स का चिकित्सा व्यय भुगतान तथा मान्यता प्राप्त अस्पतालों में कैशलेश चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना शामिल हैं।

### राज्य स्तरीय तिलहन किसान मेला 21 से

**अंबिकापुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरिश चंदेल तथा निदेशक विस्तार सेवाएं डॉ. एसएस. टुटेजा के मार्गदर्शन में राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में दो दिवसीय तिलहन किसान मेला का आयोजन दिनांक 21 मार्च से किया जाएगा। यह आयोजन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल–ऑयलसीड्स अंतर्गत कृषि विभाग एवं विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में होगा। मेले का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ते हुए मेले में तिलहन फसलों के उन्नत उत्पादन, मूल्य संवर्धन एवं नवीनतम कृषि नवाचारों की जानकारी दी जाएगी। मेले में छत्तीसगढ़ राज्य के प्रगतिशील किसान, स्वयं सहायता समूह, कृषि छात्र, स्टार्टअप एवं कृषि उद्यमी भागीदारी करेंगे।

### अनुपस्थिति प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक निलंबित

**बलरामपुर।** अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाली प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक को निलंबित किया गया है। बता दें कि डीईओ ने वाड्रफनगर के शासकीय उमावि गैना का आकस्मिक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान सहायक शिक्षक खितेश कुमार पटेल 25 व 26 फरवरी को बिना किसी पूर्व सूचना और सक्षम अधिकारी की अनुमति के अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। इसके साथ ही स्कूल की प्रधान पाठक श्रीमती अनिता पटेल बिना पूर्व अनुमति के विद्यालय में अनुपस्थित पाई गई। ऐसे में डीईओ ने खितेश कुमार और अनिता पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक का यह कृत्य शासकीय सेवा के कर्त्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 स्पष्ट उल्लंघन है। ऐसे में प्रधान पाठक श्रीमती अनिता पटेल और सहायक शिक्षक खितेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और उनका मुख्यालय बीईओ कार्यालय रामचंद्रपुर नियत किया गया है।

### गिरने से महिला गंभीर, अस्पताल में तोड़ा दम


**अम्बिकापुर।** धौरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बकराताल निवासी परमेश्वरी पति विश्वनाथ (70 वर्ष) रविवार को पटोरा निवासी अभय के पिता के निधन हो जाने पर दशक्रम कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। 17 मार्च को अभय के साथ बाइक से वापस घर लौट रही थी। इसी बीच रास्ते में बाथरूम करने के लिए रुकी तभी अचानक पत्थर से टकरा कर वृद्धा गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। वृद्धा को धौरपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई।






### टूट गई सीमेंट शीट, घरों के खप्पर

# मैनपाट में जमकर ओलावृष्टि, आधा दर्जन गांवों में भारी क्षति



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आंधी-तूफान के साथ हुई ओलावृष्टि ने मैनपाट के आधा दर्जन से अधिक गांवों में भारी तबाही मचाई है। मौसम विज्ञानी अभी भी विक्षोभ की सक्रियता से कहीं-कहीं गरज-चमक एवं तेज हवाओं के साथ बौछार पड़ने एवं ओले गिरने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

**खास बात**

■ टमाटर की फसल हुई तबाह

उत्तर भारत में पांच दिन पूर्व सक्रिय पछुआ विक्षोभ का प्रभाव अभी खत्म नहीं हुआ है। विक्षोभ के प्रभाव से पिछले तीन दिनों से दोपहर बाद मौसम में बदलावा देखा जा रहाहै। दोपहर तक धूप निकलने के बाद अचानक आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ जा रहा है तथा शहर सहित आसपास के क्षेत्र में कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो रही है। बुधवार को भी दोपहर बाद बादलों की सक्रियता बढ़ गई थी। इस दौरान देर शाम तक हवा एवं गरज-चमक के साथ मैनपाट में जमकर ओलावृष्टि हुई। प्रारंभ में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई फिर जमकर ओले गिरे। कुछ क्षेत्रों में बड़े आकार के ओले गिरे जिससे सीमेंट सीट एवं खपड़े से बने घरों को काफी क्षति पहुंची है। 15 मिनट तक हुई ओलावृष्टि के दौरान पूरे क्षेत्र में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई थी। मैनपाट अंतर्गत ग्राम कुदारीडीह, केसरा, नर्मदापुर, उरंगा एवं बरिमा में ओलावृष्टिका अधिक प्रभाव देखा गया जबकि आसपास के क्षेत्रों में अपेक्षाकृत बेहद कम एवं छोटे आकार के ओले गिरे हैं वहीं कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई है। ओलावृष्टि से सीमेंट सीट के छप्पर टूट गए हैं वहीं खपरैल घरों के छप्पर को भी काफी नुकसान हुआ है। ओलावृष्टि से खरीफ फसलों के साथ सब्जियों एवं उद्यानिकी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं।

### जारी रहेगा उतार-चढ़ाव

मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट के अनुसार पांच दिन पूर्व सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से दक्षिण भारत में द्रोणिका के साथ साइक्लोनिक सकुर्लेशन सक्रिय है वहीं उत्तर भारत के अलग-अलग क्षेत्रों में चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है जिसके प्रभाव से खाड़ी से लगातार नमी युक्त हवाएं पहुंच रही है तथा विक्षोभकी ठण्डी हवाओं से टकरा रही हैं जिससे तापांतर की स्थिति निर्मित हो रही है। तापांतर के कारण आसमान का जल जमाव बिन्दु नीचे पहुंच गया है तथा ओलावृष्टि के लिए अनुकूल परिस्थितियां निर्मित हैं। अभी भी पूर्व में सक्रिय विक्षोभ का प्रभाव खत्म नहीं हुआ है तथा इसके गुरुवार तक प्रभावी रहने की संभावना है। बुधवार को सक्रिय विक्षोभ का प्रभाव शुक्रवार को पहुंचने एवं इसके आगामी दो-तीन दिन तक प्रभावी रहने की संभावना है। ऐसे में 21 मार्च तक आसमान पर बादलों की आवाजाही जारी रहने की संभावना है। मौसम में आए बदलाव के प्रभाव से कुछ क्षेत्रों में वर्षा हुई है वहीं कई क्षेत्रों में ओलावृष्टि हुई है लेकिन संभाग मुख्यालय में मानसून उपरांत अभी तक वर्षा नहीं हुई है।

#### फसलों को भारी नुकसान

तेज हवा एवं ओलावृष्टि से न केवल खरीफ बल्कि उद्यानिकी एवं सब्जियों की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। ओलावृष्टि से गेहूं की पकी बालियां टूटकर खेतों में बिखर गई हैं। सरसों एवं अरहर के दाने भी खेतों में बिखर गएहैं। आम, लीची, आलू बुखारा, नाशपाती आदि फसलों के फूल व छोटे-छोटे फल झड़ गए हैं। ओलावृष्टि से टमाटर, गोभी, मिर्च, सेम, खरीफ आलू सहित अन्य सब्जियों की फसल को काफी नुकसान हुआ है तथा कुछ फसलें पूरी तरह से तबाह हो गई हैं।

#### शहर में हुई झमाझम बारिश

बुधवार को देर शाम शहर में गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। इस साल मानसून के विदा होने के बाद अब तक शहर में वर्षा नहीं हुई थी तथा मानसूनेत्तर काल में पूर्व में निर्मित अवर्षा का रिकार्ड टूटने की संभावना जताई जा रही थी। इस बार मानसूनेत्तर काल में 136 दिनों बाद संभाग मुख्यालय में बुधवार को झमाझम बारिश हुई है। इसके पूर्व वर्ष 2022-23 में 141 दिन एवं 2016-17 में 125 दिनों बाद वर्षा हुई थी। बुधवार आसमान पर दोपहर बाद घने बादल छाए रहे तथा रात्रि 8.30 बजे गरज-चमक के साथ 10 मिनट तक झमाझम बारिश हुई।

#### उद्यानिकी फसलों को अधिक क्षति

तेज हवा एवं ओलावृष्टि से उद्यानिकी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। सारसो, अरहर की अधिकांश फसल कट गई है। बची हुई पकी फसल को क्षति पहुंची है।

-डॉ. प्रदीप कुमार मण्डल, वैज्ञानिक, आलू अनुसंधान केन्द्र मैनपाट

### झमाझम बारिश,गांवों में छाया अंधेरा

**प्रतापपुर।** पिछले कई दिनों से क्षेत्र में बढ़ी गर्मी और उमस के बाद आखिरकार मौसम ने करवट ले ली। बुधवार को अचानक तेज आंधी-तूफान के साथ झमाझम बारिश शुरू हुई जिससे पूरे क्षेत्र को तरबतर कर दिया। इस दौरान छोटे-छोटे ओले भी गिरे, जिससे मौसम और भी सुहावना बन गया। जहां एक ओर लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर तेज हवाओं के कारण कई गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई और अंधेरा छा गया। दोपहर बाद अचानक आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवाएं चलने लगीं। कुछ ही देर में तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश इतनी तेज थी कि सड़कों और गलियों में पानी भर गया। ओलावृष्टि के कारण लोग कुछ देर के लिए घरों में दुबकने को मजबूर हो गए, लेकिन जैसे ही बारिश हल्की हुई, बच्चे और युवा घरों से बाहर निकलकर इस सुहाने मौसम का आनंद लेते नजर आए। पिछले कई दिनों से क्षेत्र में तापमान लगातार बढ़ रहा था, जिससे लोग गर्मी और उमस के कारण लोग परेशान थे, लेकिन बारिश ने बड़ी राहत दी। तापमान में गिरावट आई और वातावरण ठंडा हो गया। खासकर किसानों के लिए यह बारिश काफी फायदेमंद मानी जा रही है, क्योंकि इससे खेतों में नमी बढ़ेगी और आने वाली फसलों को लाभ मिलेगा। हालांकि तेज आंधी-तूफान से कई स्थानों पर तेज हवाओं के कारण पेड़ों की डालियां टूटकर सड़कों पर गिर गईं। बिजली के तारों को नुकसान पहुंचने से प्रतापपुर क्षेत्र के कई गांवों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। अचानक बिजली गुल होने से गांवों में अंधेरा छा गया, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शाम होते-होते स्थिति और गंभीर हो गई। कई इलाकों में देर तक बिजली बहाल नहीं हो सकी। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह अचानक आई तेज आंधी और बारिश ने उन्हें चौंका दिया। कुछ लोगों के घरों के टिन शेड और छप्पर भी आंधी में उड़ गए। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग से जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है, ताकि अंधेरे और गर्मी से राहत मिल सके। वहीं प्रशासन द्वारा भी नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

■ भीषण गर्मी से लोगों को मिला राहत



## अंधेरी सड़कों को रौशन करने लगाई गई स्ट्रीट लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के विभिन्न वार्डों में स्थापित किए गए स्ट्रीट लाइट का महापौर, भाजपा जिलाध्यक्ष, सभापति व पार्षदों ने लोकार्पण किया। जनप्रतिनिधियों ने साईं मंदिर और चांदनी चौक के समीप स्थित टाइमर बॉक्स का बटन दबाकर स्ट्रीट लाइट का लोकार्पण किया।

■ महापौर व जनप्रतिनिधियों ने किया लोकार्पण

बता दें कि शहर में 15वें वित्त की राशि से स्ट्रीट लाइट स्थापित किए जाने का कार्य तेजी से चल रहा है। विभिन्न वार्डों में अंधेरे के बीच मौजूद सड़कों में रौशनी करने के उद्देश्य से ननि द्वारा लाखों रुपए की लागत से कार्य कराए जा रहे है। 17 मार्च को महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति ननि हरमिंदर सिंह टिन्नी, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया सहित अन्य सदस्यों ने साईं मंदिर के पास स्थित एवं चांदनी चौक स्थित टाइमर बॉक्स से बटन दबाकर लोकार्पण किया गया। साथ ही चांदनी चौक से घुटरापारा रोड स्ट्रीट लाइटिंग, विद्युत स्तंभ स्थापना कार्य पूर्ण होने पश्चात उपसभापति विजय सोनी, एमआईसी सदस्य जितेंद्र सोनी, श्रीमती श्वेता गुप्ता, श्रीमती प्रियंका गुप्ता व वार्डवासियों की उपस्थिति में लोकार्पित किया गया। इस दौरान श्रीमती मंजूषा भगत ने कहा हमारे महापौर परिषद के गठन को आज एक वर्ष पूर्ण हुए हैं। हमारे सरकार की नारा हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे को को दिशा देते हुए, हमारी ट्रिपल इंजन की सरकार शहर की विकास के लिए संकल्पित है। इसके अंतर्गत करोड़ों की राशि सड़क, नाली, पानी, सफाई हेतु स्वीकृति के साथ स्ट्रीट लाइटिंग व विद्युत पोल विस्तार कार्य भी शहर को सुंदर बनाने में महत्वपूर्ण है। शहर के प्रमुख मार्गो के साथ-साथ हमने पार्षदों की मांग व सुझाव पर शहर के आउटर वार्डों में भी स्ट्रीट लाइटिंग का कार्य कराया है। शहर के कई वार्डों में सड़क चौड़ीकरण एवं डामरीकरण के कार्य चल रहे हैं। बता दें कि 15वें वित्त आयोग योजना अंतर्गत चांदनीचौक से घुटरापारा रोड में स्ट्रीट लाइटिंग विद्युत स्तंभ स्थापना कार्य राशि रुपए 19.74 लाख, पीजी कॉलेज वाकिंग ट्रेक अंतर्गत नवीन स्तंभों का स्थापना कार्य राशि रुपए 36.25 लाख, महेश्वर मंदिर नवापारा से मुक्तिपारा अटल आवास मेन रोड तक स्ट्रीट लाइटिंग विद्युत कार्य राशी रुपए 24.64 लाख, गांधी स्टेडियम में एरिया लाइटिंग का कार्य 3.5 लाख, गांधीनगर बेरियर से मुक्तिपारा अटल आवास तक स्ट्रीट लाइटिंग विद्युत स्तंभ स्थापना कार्य राशी रुपए 26.60 लाख, सरगवां स्थित पुष्प वाटिका में विद्युतीकरण कार्य अंतर्गत नवीन विद्युत स्तंभों का स्थापना कार्य राशि रुपए 19.77 लाख, साईं मंदिर से मनेंद्रगढ़ रोड में रोड से स्ट्रीट लाइटिंग विद्युत स्तंभ स्थापना कार्य राशि 20.99 लाख एवं शंकर घाट मोड़ से प्रतापपुर मेन रोड तक स्ट्रीट लाइटिंग विद्युत स्तंभ स्थापना कार्य राशि रुपए 23. 48 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई थी। जिसमें छः कार्य पूर्ण व दो कार्य प्रगति पर हैं। विद्युत विभाग के प्रभारी सदस्य मनीष सिंह ने बताया कि आने वाले समय में कार्ययोजना बनाकर अन्य सड़कों का भी स्ट्रीट लाइटिंग कार्य किया जाएगा। एमआईसी सदस्य जितेंद्र सोनी ने कहा हमारा वार्ड आउटर वार्ड है।

यहां को लोगों को अंधेरे से मुक्ति, आवागमन काफी सुविधाजनक एवं महामाया मंदिर जाने के वैकल्पिक मार्ग के रूप में घूटरापारा रोड का उपयोग किया जाता है। नवरात्रि से पूर्व इस कार्य के लोकार्पण से महामाया मंदिर जाने वाले भोर व रात में जाने वाले नागरिकों को काफी सुविधा मिलेगी। इस दौरान जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या भारत सिंह सिसोदिया, श्रीमती ममता तिवारी, रविकांत उरांव, सुशांत घोष, विपिन पांडेय, जिला महामंत्री विनोद हर्ष, श्रीमती अरुणा सिंह, जन्मेंजय मिश्रा, आकाश गुप्ता, मनोज कंसारी, कमलेश तिवारी, निरंजन रॉय, शिवमंगल सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



लोकार्पण करते महापौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि।

## प्रधान मंत्री आवास योजना में घोटाला, सचिव रोजगार सहायक के विरुद्ध अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

जनपद पंचायत शंकरगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश पाण्डेय द्वारा प्रस्तुत लिखित शिकायत एवं जांच रिपोर्ट के आधार पर ग्राम पंचायत हरगवां में प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और राशि गबन का मामला सामने आया है। जांच में पाया गया कि पंचायत सचिव जॉन कुमार टोप्पो एवं ग्राम रोजगार सहायक संजय दास द्वारा आवास हितग्राहियों के नाम पर फर्जी जियो टैगिंग कर उनके खातों में राशि अंतरित कराई गई तथा हितग्राहियों से नगद या अंगूठा लगवाकर रकम निकाल ली गई। साथ ही फर्जी मस्टर रोल जारी कर मनरेगा के तहत मजदूरी राशि भी विभिन्न खातों में डालकर गबन किया गया। जांच रिपोर्ट के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के 7 हितग्राहियों से 9 लाख 5 हजार एवं मनरेगा मजदूरी मद से 1 लाख 881 कुल 10 लाख 5,881 की राशि का गबन किया गया। वहीं जांच में यह बात भी सामने आई कि एक ही व्यक्ति को अलग-अलग नाम से दो बार आवास स्वीकृत कर राशि निकाली गई। पति-पत्नी नहीं होने के बावजूद गलत तरीके से आवास स्वीकृत कर भुगतान किया गया। कई हितग्राहियों के आवास अप्रारंभ होने के बावजूद उनके खातों में लाखों रुपए जारी किए गए। मजदूरी भुगतान के लिए फर्जी मस्टर रोल तैयार किया गया। कई हितग्राहियों ने बयान में बताया कि उनसे अंगूठा लगवा कर या ओटीपी के माध्यम से राशि निकाली गई। साथ ही अपूर्ण आवासों को फर्जी तरीके से पूर्ण दिखाकर जियो टैग किया गया। हितग्राहियों का आरोप है कि 40 हजार रुपये ओटीपी के माध्यम से लिए गए, 50 हजार रूपए कई बार अंगूठा लगवाकर निकाले गए। कार्यालय जनपद पंचायत शंकरगढ़ द्वारा 17 मार्च को थाना शंकरगढ़ में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस द्वारा प्रकरण में धारा 3(5), 316(5), 318(2), 318(4), 336(3), 338, 340(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

***अम्बिकापुर।** जिला जल एवं स्वच्छता मिशन सरगुजा के सदस्य सचिव एवं कार्यपालन अभियंता ने बताया कि कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 20 मार्च को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित है। बैठक में जल जीवन मिशन के विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा उपरांत अनुमोदन प्रदान किया जाना है। उन्होंने सर्वसम्बन्धितों को बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित होने कहा है।

## महिला को पागल कुत्ते ने काटा, डेढ़ माह बाद हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्रामीण क्षेत्रो में लोग आज भी अस्पताल के बजाय झाड़-फूंक एवं जड़ी बूटी के इलाज पर ज्यादा भरोसा करते है। ऐसे में जब मरीज की हालत गंभीर हो जाती है तो अस्पताल लेकर आते है ऐसे में समय पर मरीज का इलाज शुरू नहीं होने से जान चली जाती है। कुछ इस तरह की घटना सामने आई जहां महिला को डेढ़ माह पूर्व पागल कुत्ता ने काट लिया था लेकिन परिजन अस्पताल के बजाय गांव में जड़ी बूटी से इलाज करा रहे थे। महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई।

■ गांव में जड़ी बूटी से करा रहे थे इलाज

जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम गमहारडीह निवासी कमिला पति बंधेश्वर राम (34 वर्ष) डेढ़ माह पूर्व पति व छोटे पुत्र के साथ गम्हारडीह जंगल में लकड़ी लेने गई थी। शाम को तीनों लकड़ी लेकर वापस घर लौट रहे थे तभी रास्ते में पागल कुत्ता ने महिला के दोनों हाथ को काट लिया। पति ने किसी तरह पागल कुत्ता को भगाया और गांव में ही जड़ी बूटी से पत्नी का इलाज कराने लगा। कुछ दिन तक महिला ठीक थी लेकिन 16 मार्च को महिला की तबीयत ज्यादा खराब हो गई। परिजन ने महिला को शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज सुबह उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। पागल कुता के काटने से बलरामपुर जिले में यह दूसरी मौत है। इससे पूर्व तीन दिन पूर्व ही पागल कुत्ता के काटने से बलरामपुर थाना अंतर्गत महराजगंज निवासी रामजीत भुईहर आ. कुंवर (26 वर्ष) की मौत हो गई थी। युवक को पांच माह पूर्व पागल कुत्ता ने काट लिया था। कुत्ता के काट लेने पर युवक परिजन को बताए बिना ही गांव के वैद्य से जड़ी बूटी से उपचार करा रहा था। इसी बीच 14 मार्च को युवक को तेज बुखार हो गया तो युवक ने परिजन को पांच माह पूर्व कुत्ता द्वारा काट लेने की बात बताई। परिजन युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### महामाया मंदिर की भव्य सजावट, अन्य देवी मंदिर भी सजे

## चैत्र नवरात्र आज से, होगी कलश स्थापना, जलेंगे मनोकामना दीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरुवार को चैत्र नवरात्रि प्रारंभ होगी साथ ही हिन्दू नव संवत्सर भी प्रारंभ होगा। देवी की अराधना के पर्व चैत्र नवरात्रि पर सरगुजा की अराध्य मां महामाया मंदिर के साथ ही अन्य देवी मंदिरों की भव्य सजावट की गई है। इसके साथ ही शहर के चौक चौराहों को भी भगवा रंग से रंग दिया गया है और जगह जगह स्वागत द्वार का निर्माण करने के साथ ही घड़ी चौक को सजाया जा रहा है।

गुरुवार से चैत्र नवरात्रि एवं हिन्दू नव संवत्सर प्रारंभ हो रहा है। चैत्र नवरात्रि पर मंदिरों में कलश स्थापित करने के साथ ही दुर्गा सप्तशती का



पाठ किया जाएगा साथ ही देवी की विशेष अराधना की जाएगी। महामाया मंदिर में नवरात्रि में सुबह से लेकर शाम



तक भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति को देखते हुए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। मंदिर में इस बार 35 सौ तेल व 18 सौ घी के दीप प्रज्वलित होंगे। इसके साथ ही मंदिर में सुबह 5.30 और शाम 7.30 बजे प्रतिदिन आरती की जाएगी। मंदिर प्रबंधन द्वारा पंक्तिबद्ध श्रद्धालुओं के लिए शेड की व्यवस्था की गई है। पुलिस प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुलिस बल एवं यातायात कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। आवागमन में बाधा ना ही इसलिए पार्किंग की भी अलग अलग व्यवस्था की गई है। महामाया मंदिर के साथ ही शहर के दुर्गा मंदिर, राम मंदिर, काली मंदिर सहित अन्य मंदिरों की भव्य सजावट करने के साथ ही सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। इस बार चैत्र नवरात्रि की महा अष्टमी एवं महानवमी तिथि गुरुवार 26 मार्च को एक साथ मनाई जाएगी। नवमी तिथि का क्षय होने के कारण नवरात्रि 9 दिन की होगी तथा 27 मार्च को नवरात्रि का समापन किया जाएगा। आचार्य पं. दिनेश मिश्रा ने बताया कि इस बार चैत्र नवरात्रि में दुर्गा पालकी पर सवार होकर आ रही है तथा रौद्र नाम का नव संवत्सर के राजा देवगुरु बृहस्पति जबकि मंत्री मंगल होंगे। नवसंवत्सर में आंधी तूफ़ान की बहुलता होने की बात कही जा रही है। पं दिनेश मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को सुबह 6.40 के उपरान्त कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त है।

## खबर संक्षेप

### परीक्षार्थियों का हुआ स्वागत



**बैकुण्ठपुर।** पांचवीं की केन्द्रीयकृत परीक्षा 16 मार्च से शुरू हो गई। पहले दिन कटगोड़ी के सांई बाबा इंग्लिस मीडियम स्कूल में परीक्षार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

### सरगुजा ओलम्पिक के लिए 311 खिलाड़ी होंगे रवाना

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के खिलाड़ियों के लिए गौरव का अवसर सामने आया है। संभाग स्तरीय सरगुजा ओलम्पिक 2025-26 का आयोजन 21 से 23 मार्च तक अंबिकापुर में किया जाएगा, इसमें जिले के खिलाड़ी उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता में जिले के तीनों विकासखंडों से कुल 311 खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें विकासखंड मनेन्द्रगढ़ से 152, खड़गवां से 125 एवं भरतपुर से 34 प्रतिभागी शामिल हैं। खिलाड़ियों के साथ 41 कोच, मैनेजर एवं स्टाफ भी दल में शामिल रहेंगे, जो खिलाड़ियों का मार्गदर्शन और सहयोग करेंगे। सभी खिलाड़ी 20 मार्च को स्वामी आत्मानंद विद्यालय मनेन्द्रगढ़ से दोपहर 12 बजे बस के माध्यम से अंबिकापुर के लिए रवाना होंगे।

### 27 विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**बैकुण्ठपुर।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड-मानक योजना के अंतर्गत जिले के 27 विद्यार्थियों का चयन जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं परियोजना प्रतियोगिता के लिए किया गया है। यह चयन शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नवाचारों के आधार पर किया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार की भावना को बढ़ावा देना है। चयनित विद्यार्थियों को अपने अभिनव विचारों एवं वैज्ञानिक मॉडलों को जिला स्तरीय मंच पर प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। इंस्पायर अवार्ड योजना के जिला नोडल के अनुसार, चयनित विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट्स को अब जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं परियोजना प्रतियोगिता में प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं परियोजना प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने चयनित विद्यार्थियों, उनके शिक्षकों एवं संबंधित विद्यालयों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### गेहूं की फसल पक्कर तैयार बारिश हुई तो होगा नुकसान

**बैकुण्ठपुर।** मंगलवार को मौसम में बदलाव के कारण बारिश होने की संभावना रही, लेकिन इस दिन जिले के किसी भी क्षेत्र में बारिश होने की जानकारी नहीं मिली।

## चैत्र नवरात्र की शुरूआत आज से, पूजन सामग्रियों की बढ़ी बिक्री

# देवी मंदिरों में उमड़ेगी आस्था की भीड़

शक्ति की भक्ति का पर्व चैत्र नवरात्र 19 मार्च से प्रारंभ हो रहा है। पहले दिन देवी मंदिरों एवं आस्था केन्द्रों में कलश स्थापना की जाएगी, जो मां दुर्गा का प्रतीक होता है और अंतिम दिनों तक विधि-विधान के साथ माता के विभिन्न रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है और नवरात्र का समापन राम नवमी के दिन होगा, जो भगवान राम के जन्म का प्रतीक है। पंडितों के अनुसार इस बार चैत्र नवरात्र 19 मार्च से शुरू होगी तथा इस बार पूरे नौ दिनों तक देवी की आराधना की जाएगी। इस दौरान माता के नौ रूपों की विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जाएगी। इस बार का चैत्र नवरात्र में कई शुभ संयोग बन रहे हैं, जो पूजा पाठ एवं धार्मिक कार्यो के लिए बहुत ही फलदायक माने जा रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

धार्मिक मान्यता के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्र प्रारंभ होता है। इस दौरान विभिन्न देवी मंदिरों में विशेष रूप से माता का श्रृंगार कर विधि-विधान के साथ माता के विभिन्न रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। देवी मंदिरों में माता के जसगीत गूंजते रहते हैं, देवी दर्शन के लिए सुबह होने के साथ ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटना शुरू हो जाती है।

चैत्र नवरात्र में बढ़ती गर्मी के बावजूद भक्तों में उत्साह कम नहीं रहता, तपती धूप में नंगे पांव श्रद्धालु माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए देवी मंदिरों एवं आस्था केन्द्रों में पहुंचते रहते हैं। श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाती है। चैत्र नवरात्र में माता के आराधना के लिए कई दिनों पूर्व से आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई थी। आज चैत्र नवरात्र के पहले दिन शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ आदि शक्ति की पूजा-अर्चना शुरू हो जाएगी। नवरात्र पूजा को देखते हुए बाजार में दीए एवं कलश विक्रय करने वाले व्यापारी बड़ी मात्रा में शहर के बाजार में उक्त सामग्री विक्रय करते रहे, इसके अलावा पूजा के दुकान भी सज गए हैं।



खड़गवां स्थित चनवारीडांड़ महामाया मंदिर।



रमदईया धाम मंदिर।



चांग देवी मंदिर जनकपुर।

### सज धजकर तैयार देवी मंदिर

चैत्र नवरात्र को देखते हुए कोरिया एवं एमसीबी जिले के देवी मंदिर एवं आस्था केन्द्र सज धज कर तैयार हो गए हैं। देवी मंदिरों एवं आस्था केन्द्रों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है साथ ही आकर्षक लाईटिंग व्यवस्था भी की गई है, इससे शाम ढलने के बाद देवी मंदिर की सुंदरता बढ़ जाएगी।

### देवी मंदिरों में जलेंगे हजारों दीप

चैत्र नवरात्र की शुरूआत होने के साथ ही देवी मंदिरों एवं आस्था केन्द्रों में काफी संख्या में ज्योति कलश के साथ हजारों की संख्या में मनोकामना दीप प्रज्जवलित होंगे। एमसीबी जिले के खड़गवां के निकट ग्राम चनवारीडाड़ स्थित मॉ महामाया मंदिर में प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी हजारों की संख्या में मनोकामना दीप जलाए जाएंगे, जिससे कि देवी मंदिर हजारों दीपों से जगमग होंगे।



बिक्री के लिए रखे मिट्टी के दिये।

## 801 मीटर लंबी भव्य चुनरी यात्रा 22 को, तैयारियां जोरों पर

**मनेन्द्रगढ़।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर में 801 मीटर लंबी विशाल चुनरी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य धार्मिक यात्रा 22 मार्च रविवार को दोपहर 3 बजे काली मंदिर नदी के पास, वार्ड क्रमांक 19 से प्रारंभ होगी। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः काली मंदिर में पहुंचकर संपन्न होगी। आयोजन काली मंदिर सेवा समिति, वार्ड नंबर 19 द्वारा किया जा रहा है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह चुनरी यात्रा प्रतिवर्ष श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित की जाती है, इसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर मां दुर्गा के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हैं। इस बार 801 मीटर लंबी चुनरी विशेष आकर्षण का केन्द्र होगी, जिसे लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में भक्ति गीत, जयकारे और धार्मिक वातावरण देखने को मिलेगा। श्रद्धालु सिर पर चुनरी धारण कर चलेंगे और मां के जयकारों से नगर गूंज उठेगा। आयोजन समिति द्वारा सुरक्षा, पेयजल और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। समिति ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है, ताकि इस आयोजन को और भी भव्य बनाया जा सके। साथ ही, इच्छुक श्रद्धालुओं से सहयोग राशि देने का भी आग्रह किया गया है, इसके लिए डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है और श्रद्धालु बेसब्री से इस पावन यात्रा का इंतजार कर रहे हैं।

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों का जोरदार प्रदर्शन









हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रांतीय छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन 132 संगठनों के आह्वान पर जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में बुधवार की शाम कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारी एवं अधिकारी शाम 4 बजे निर्धारित स्थान पर एकत्रित हुए और शासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर मोदी गारंटी लागू करो, हमारी मांगे पूरी करो, कर्मचारी एकता जिंदाबाद जैसे नारे लगाए। इस अवसर पर फेडरेशन के संभागीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ददा एवं संयोजक

- **बैकुंठपुर में कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन, चेतावनी-मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन होगा तेज**

डॉ. आरएस चंदे ने बताया कि कर्मचारियों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर यह प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने कहा कि महंगाई भत्ते की लंबित किश्तों का भुगतान, वेतन विसंगति का निराकरण, पदोन्नति संबंधी समस्याओं का समाधान, अनियमित कर्मचारियों का नियमितीकरण तथा नियमित भर्ती अभियान सहित कई महत्वपूर्ण मांगे लंबे समय से लंबित हैं, जिन पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। प्रदर्शन के पश्चात फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर कोरिया को सौंपा और मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

### सीएम के नाम कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

**मनेन्द्रगढ़।** छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन एमसीबी द्वारा शासकीय सेवकों की लंबित मांगों के निराकरण को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छग शासन के नाम डिप्टी कलेक्टर इंद्रा मिश्रा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन जिला स्तर पर कलेक्टर एमसीबी तथा विकासखंड स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के माध्यम से प्रेषित किया गया। फेडरेशन द्वारा यह कार्यक्रम भोजन अवकाश के दौरान शांतिपूर्वक आयोजित किया गया, ताकि शासकीय कार्य प्रभावित न हो। कर्मचारियों ने अनुशासन और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए अपनी मांगों को प्रशासन तक पहुंचाया। इस पहल को कर्मचारियों के संयमित और संगठित प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। जिला सह संयोजक गोपाल प्रसाद बुनकर ने बताया कि फेडरेशन द्वारा पूर्व में भी कई बार शासन का ध्यान इन मांगों की ओर आकर्षित किया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों में अपनी समस्याओं \को लेकर निराशा बढ़ रही है, ऐसे में शासन को जल्द निर्णय लेना चाहिए। प्रांतीय कार्यालयीन सचिव दीपक कुमार साहू ने जानकारी दी कि प्रमुख मांगों में महंगाई भत्ता, एरियर्स का भुगतान, समयमान वेतनमान की स्वीकृति, अर्जित अवकाश, नगदीकरण तथा संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये सभी मांगे लंबे समय से लंबित हैं और कर्मचारियों के हित में इनका शीघ्र निराकरण आवश्यक है। फेडरेशन ने शासन से अपेक्षा जताई है कि कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जल्द सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।



### शहर में निकली हिन्दू शोभायात्रा यात्रा

बिजुरी। नगर के वार्ड क्रमांक 6 स्थित राजीव रतन क्रीड़ांगन में आयोजित दिव्य दरबार कार्यक्रम के तहत संत डॉ. प्रेमासाईं महाराज के नेतृत्व में नगर में भव्य हिन्दू शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की शुरूआत सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय से हुई, जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचल सहित काफी संख्या में सनातन धर्मावलंबियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस शोभायात्रा में युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे सभी वर्गों के लोग शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और आस्था के साथ यात्रा में सहभागिता निभाई, इससे नगर का वातावरण धार्मिक रंग में रंगा नजर आया। यात्रा सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः विद्यालय परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान संत डॉ. प्रेम सांई महाराज ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सनातन धर्म की महान परंपराओं, संस्कारों और आध्यात्मिक मूल्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## खदानों के बंद होने से विकास ठप, मूलभूत सुविधाओं का संकट गहराया

**डोमनहिल।** एमसीबी जिले के डोमनहिल-चिरमिरी क्षेत्र में कोयला खदानों पर आधारित अर्थव्यवस्था आज गंभीर संकट से गुजर रही है। कभी एसईसीएल द्वारा संचालित खदानों के कारण विकसित हुआ यह क्षेत्र अब खदानों के बंद होने से पिछड़ता जा रहा है। परिणामस्वरूप क्षेत्र में बेरोजगारी बढ़ी है और बड़े पैमाने पर पलायन की स्थिति बन गई है। जिले का नाम भले ही मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर रखा गया हो, लेकिन विकास के लिहाज से चिरमिरी में अब तक कोई महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालय स्थापित नहीं किया गया है, इससे स्थानीय लोगों में असंतोष बढ़ रहा है। क्षेत्र में बिजली, पानी, साफ-सफाई, शिक्षा और सड़कों की स्थिति बेहद खराब है। अधिकांश इलाकों में एसईसीएल द्वारा बिजली आपूर्ति की जाती है, जो बार-बार बाधित होती रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब तक (सीजी विद्युत मंडल) की नियमित आपूर्ति नहीं होगी, समस्या बनी रहेगी।

सरगुजा मार्केट

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 22 मार्च 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 23 मार्च, 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 04 अप्रैल 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

## गर्मी के तेवर बढ़े, एमपी से आए मटका विक्रेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सूरज के बढ़ते तल्ख तेवरों के साथ शीतल जल से कंड की प्यास बुझाने के लिए देशी फ्रीज यानी मिट्टी के मटके व सुराही लेकर चंदिया मप्र के व्यापारी बड़ी मात्रा में मटके लेकर शहर पहुंच कर अपनी दुकाने सजा दी है। प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी पड़ोसी राज्य मप्र के उमरिया जिले के चंदिया के व्यापारी काफी संख्या में मटका, सुराही, मिट्टी के बॉटल, सहित अन्य उत्पाद लेकर बैकुंठपुर शहर पहुंच कर मुख्य मार्ग किनारे अपनी दुकाने सजा दी है, जहां खरीदी करने के लिए लोग जुटने लगे हैं। चंदिया से आए व्यापारियों का कहना है कि चंदिया की खास मिट्टी और बालू के मिश्रण से तयार किए गए मटकों, सुराही की मांग इस क्षेत्र में ज्यादा रहती है। इन मटकों की खासियत यह है कि इनमें बारिक छेद होते हैं, जिससे पानी धीरे-धीरे रिसते रहता है और वाष्पीकरण के कारण पानी प्राकृतिक रूप से ठंडा बना रहता है। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष मप्र के उमरिया जिले के चंदिया के व्यापारी काफी मात्रा में मिट्टी के मटके, सुराही व अन्य सामग्री लेकर बैकुंठपुर शहर पहुंचते हैं और पूरी गर्मी यहां व्यवसाय करने के बाद बरसात शुरू होने के पूर्व ही यहां से निकल जाते हैं। शहर में आए चंदिया के व्यापारियों को उम्मीद है कि इस वर्ष भी उनका अच्छा व्यवसाय होगा। फिलहाल गर्मी जैसे-जैसे तेज होगी, वैसे वैसे मिट्टी के मटके सुराही की मांग भी बढ़ने लगेगी।



### मटका सुराही सहित अन्य उत्पाद

चंदिया मप्र से आए व्यापारियों के पास विभिन्न तरह के मिट्टी के उत्पाद मौजूद हैं, इनमें बड़ी मात्रा में सुराही, मटके, कडाही, जग सहित अन्य तरह के उत्पाद विक्रय के लिए रखे गए हैं। व्यापारियों से मिली जानकारी के अनुसार उनके पास सुराही 120 रूपए, मटका 150 से 170 रूपए, नल लगा मटका 220 रूपए में विक्रय की जा रही है, इसके अलावा इन व्यापारियों के पास मिट्टी के बॉटल सहित अन्य तरह के उपयोगी उत्पाद विक्रय के लिए रखे गए हैं।

### देशी फ्रीज स्वास्थ्य के लिए लाभदायक

गर्मी में लोगों को गला तर करने के लिए ठंडे पानी की आवश्यकता होगी है। इस मौसम में ज्यादातर लोग शीतलता के लिए फ्रीज में रखे पानी का उपयोग करते हैं, जो कि हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित होता है। वहीं दूसरी ओर मिट्टी के मटके जिसे देशी फ्रीज की संज्ञा दी गई है। मटका का पानी पीने से हमें किसी तरह का कोई नुकसान नहीं होगा, बल्कि स्वास्थ्य लाभ ही होता है। यही कारण है कि गर्मी के दिनों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोग मिट्टी के घडे का ही शीतल जल को पीने का उपयोग करते हैं।

## अवकाश के दिनों में खुला रहेगा पंजीयन कार्यालय

**बैकुण्ठपुर।** कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, छग द्वारा राज्य के सभी पंजीयन कार्यालयों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन को देखते हुए मार्च माह में पंजीयन कार्यों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए अवकाश के दिनों में भी कार्यालय खुले रखने का निर्णय लिया गया है। जारी निर्देश के अनुसार नागरिकों की सुविधा एवं अधिकतम राजस्व संग्रहण सुनिश्चित करने के लिए 22 मार्च चतुर्थ रविवार, 28 मार्च अंतिम शनिवार, 29 मार्च अंतिम रविवार एवं 31 मार्च 2026 महावीर जयंती को भी पंजीयन कार्यालयों में कार्य किया जाएगा। महानिरीक्षक पंजीयन ने सभी जिला पंजीयकों को निर्देशित किया है कि इन अवकाश दिवसों में अधीनस्थ उप-पंजीयक कार्यालयों में नियमानुसार दस्तावेजों का पंजीयन कार्य जारी रखा जाए।

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
creating healthy tomorrow
CGHS से मान्यता प्राप्त
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से
3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर
सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
सोनोग्राफी की सभी जाँच एक ही जगह, गर्भावस्था, पेट, किडनी, थायरॉयड, डॉप्लर जाँच, गंभीर मरीजों के लिए तुरंत जाँच सुविधा
जाँच समय पर हो
इसी सोच के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि रेडियोलॉजी सेवाएँ निर्बाध, तेज और भरोसेमंद हों ताकि मरीज़ और उनके परिजन कम चिंता और अधिक भरोसा महसूस करें।
हमारा वादा
कम प्रतीक्षा समय
सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट
जाँच से इलाज तक बेहतर तालमेल
बड़े शहर जैसी सुविधा अपने शहर में
उपलब्ध सेवाए
सोनोग्राफी
डिजिटल एक्स-रे
कलर डाप्लर
एंडोस्कोपी स्केन
2D ईको
ई.ई.जी.
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस:
M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस:
B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD
ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

**खबर संक्षेप**



## रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में युंका ने किया रक्तदान

**सीतापुर।** प्रशासन एवं रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रक्तदान शिविर में युंका पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित रक्तदान में विधानसभा अध्यक्ष मंटू गुप्ता के नेतृत्व में युंका के आधा दर्जन कार्यकर्ताओ ने रक्तदान किया। इस अवसर पर युंका अध्यक्ष ने कहा कि लोगों के अंदर रक्तदान को लेकर भ्रम है कि खून देने से इंसान कमजोर हो जाता है जबकि ऐसा नहीं है खून देने से शरीर में मौजूद विजातीय पदार्थ बाहर निकलते है और तेजी से नया खून बनता है। उन्होंने कहा कि लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित करने के लिए युंका ने रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में भाग लिया और रक्तदान किया। इस अवसर पर युंका अध्यक्ष मंटू गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, पार्षद अनमोल लकड़ा, मिनहाज खान, एमानुवेल लकड़ा, जमुना यादव, शरद गुप्ता समेत अन्य कार्यकर्ताओ ने रक्तदान किया। रक्तदान के बाद सभी रक्तदाताओं को प्रशासन एवं रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार रुपाली मेश्राम, बदरुद्दीन इराकी, जिला महामंत्री युंका राहुल गुप्ता, युंका अध्यक्ष मैनपाट श्रवण यादव, नरेंद्र यादव, क्षितिज गुप्ता, साजिद खान, बॉबी वाधवा, मनोज यादव, अजय सोनी, दिलेश तिग्गा, पूर्व सैनिक नरेश गुप्ता समेत जिले से रक्तदान कराने आये स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में सृजन विद्या मंदिर के विद्यार्थियों का चयन

**लखनपुर।** सृजन विद्या मंदिर इंग्लिश मीडियम स्कूल लटोरी के विद्यार्थियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते



हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों ने शानदार अंक एवं ऑल ओवर रैंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। विद्यालय के अंकित कुमार पैकरा, अंश कुमार पैकरा, यानित कुमार दास की सफलता का श्रेय उनकी मेहनत, लगन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन को जाता है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अभिभावकों के सहयोग की भी सराहना की।

## नवोदय विद्यालय के लिए चयनित हुए युवराज

**सीतापुर।** नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली चयन परीक्षा में सफलता हासिल करते हुए नगर के युवराज गुप्ता नवोदय विद्यालय में



कक्षा छठी के लिए चयनित हुए हैं।ज्ञानस्थली स्कूल में कक्षा 5वी के छात्र युवराज गुप्ता शुरू से ही पढ़ने में काफी मेधावी रहे है। युवराज ने अपनी इस सफलता का श्रेय व्यवसायी पिता मनोज गुप्ता एवं माता पूर्णिमा गुप्ता की प्रेरणा समेत शिक्षक मगलूब आलम के मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत एवं लगन से की गई पढ़ाई को दिया है।

## सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन



**मानीचौक।** सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील पोर्ते ने अपना जन्म दिवस बड़े ही सादगीपूर्ण और प्रेरणादायक तरीके से मनाया। इस अवसर पर उन्होंने किसी औपचारिक आयोजन के बजाय प्राथमिक शाला ग्राम जोबगा के नन्हे-मुन्ने बच्चों के बीच जाकर खुशियाँ बाँटने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में बच्चों के साथ मिठाई एवं फल वितरित किए गए, जिससे विद्यालय परिसर में उत्साह और आनंद का वातावरण बन गया। आयोजन में बीआरसीसी मनोज मंडल, बीआरबी सुदर्शन राजवाडे, साक्षरता प्रभारी जय राम प्रसाद तथा मध्यान्ह भोजन प्रभारी राज पोर्ते शामिल थे। इसके अलावा पूर्व संकुल प्रभारी शिव मंगल सिंह, पंकज एक्का, अशोक परस्ते एवं सुशील कुमार मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधान पाठक रजनी बाला, लक्ष्मण लकड़ साहू, नरेन्द्र साहू, रविशंकर सिंह टेकाम उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सुनील पोर्ते ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में प्रेरित किया।

## वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण, जेसीबी जब्त

**अंबिकापुर।** बलरामपुर वन मंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र चांदो के चुनचुना बीट में अवैध अतिक्रमण के लिए गड्ढा खोदने के मामले में वन अमले ने एक जेसीबी को जब्त किया है। वन परिक्षेत्र चांदो अंतर्गत चुनचुना बीट अंतर्गत कक्ष क्रमांक पी 3250 स्थित वन भूमि में अवैध निर्माण के लिए जेसीबी की मदद से नींव का खनन कराया जा रहा था। सूचना पर पहुंचे वन अमले ने अवैध अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए खनन कर रहे जेसीबी को जब्त किया। परिक्षेत्राधिकारी आलोक साहू ने बताया कि अवैध अतिक्रमण की सूचना मिलते ही वन अमला घटना स्थल पहुंचा। इस दौरान वन भूमि में अतिक्रमण के उद्देश्य से गड्ढा खनन करते पाए जाने पर तत्काल जेसीबी को जब्त किया गया। मामले की जांच उपरान्त आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### 13 बाइक एवं 7 साईकिल किया जब्त, अंधेरे का फायदा उठा भागे कोयला चोर

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, ग्रायत्री खदान से चोरी का 33 टन कोयला जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक/बिश्रामपुर

गायत्री खदान में कोयला चोर गिरोह के सक्रिय हो जान तथा रोजाना बड़ी मात्रा में कोयला चोरी कर आसपास क्षेत्र के गमला व ईट भट्ठे में चोरी का कोयला खपाने के संबंध में लगातार मिल रही शिकायत के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। तड़के पुलिस टीम गायत्री खदान में दबिश दी जहां 33 टन चोरी का कोयला के अलावा 13 बाइक व 7 साइकिल जब्त किया है। हालांकि पुलिस के दबिश देने पर कोयला चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए। पुलिस ने बाइक व साइकिल के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

**खास बात**

■ चोरों की तलाश में जुटी पुलिस

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के गायत्री खदान में लंबे समय से कोयला चोर सक्रिय है जो रोजाना सैकड़ों की संख्या में खदान परिसर में रखे कोयला को उठा ले जा रहे है और बाउंड्री के बाहर निकलते ही चोरी का कोयला को व्यापारियों के पास मामूली दरों में बेच देते है। खदान से रोजाना कितना टन कोयला चोरी होता है इसका भी हिसाब प्रबंधन के पास नहीं है। सुरक्षा के नाम पर एसईसीएल प्रबंधन अपनी हर हथकंडे अपना चुकी है बावजूद इसके मुस्तैदी के बाद भी खदान का कोयला चोरी को रोकने में असफल रही है। शाम होते ही बाइक से दूर दराज के लोग पांच छह बोरी प्रति बाइक में कोयला लोड करके रोजाना ओवर स्पीड से मानी चौंक होते हुए ठिकाने पर पहुंचा देते है। जबकि कुछ लोग जंगल में कोयला स्टोर करने के बाद अन्य वाहन से कोयला तस्करी को अंजाम दे रहे है। इसके बावजूद न तो पुलिस प्रशासन और न ही खदान प्रबंधक कोयला चोरी पर अंकुश लगाने में सफल नहीं हो सकी है। ग्रायत्री खदान से कोयला चोरी की लगातार मिल रही शिकायत पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश एवं एसडीओपी अभिषेक पैकरा के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने बुधवार की तड़के अचानक गायत्री खदान में दबिश दी, जहां से चोरी का कोयला और अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस टीम के खदान में पहुंचने पर कोयला चोरी करने वाले लोग अंधेरे का फायदा उठाकर बाइक व सायकल मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। मौके पर पुलिस को 33 टन 450 बोरी कोयला, 13 बाइक और 7 सायकल मिली। पुलिस टीम ने कोयला को खदान प्रबंधन को सौंप दिया। चोरी की गई कोयला की कीमत करीब 2 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहनों को जब्त कर लिया और चोरों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 106 के तहत अपराध दर्ज किया है। साथ ही खदान के बाहर लावारिस हालत में पाए गए बाइक व साइकिल के मालिकों की पहचान करने में जुट गई है। कार्रवाई में थाना प्रभारी विश्रामपुर प्रकाश राठौर, निरीक्षक नरेंद्र सिंह, एसआई प्रदीप सिदार, कृपाल सिंह, एएसआई राकेश यादव और पुलिस के अन्य जवान सक्रिय रहे।



जब्त बाइक व कोयला।

**दो से तीन रुपए किलो बेचते हैं कोयला**

क्षेत्र में कोयला का अवैध कारोबार लंबे समय से फल फूल रहा है। कोयला तस्कर ग्रामीणों से मामूली दरों में कोयला खरीदने के बाद रात के समय ट्रक या ट्रेलर वाहन से कोयला ऊंची दामों में बेच देते है। हैरानी की बात तो यह है कि आज तक पुलिस अनजान बनी हुई है जबकि लंबे समय से कोयला का अवैध कारोबार क्षेत्र में चल रहा है। इसके अलावा आसपास क्षेत्र के ईंट भट्ठा संचालक ईंट जलाने के लिए गांव के बेरोजगार युवकों को चंद पैसों का लालच है। ऐसे में युवक रुपए के लालच में खदान से कोयला निकलते और बाइक से चोरी का कोयला को परिवहन कर महज दो से तीन रुपए प्रति किलो की दर से बेच देते है।

**जारी रहेगी कार्रवाई**

अवैध कोयला कारोबार और ग्रामीणों के गठजोड़ को तोड़ने के लिए पुलिस की यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। खदान प्रबंधन को निर्देश दिया कि वे बाउण्ड्रीवाल के अवैध निकास को जल्द बंद करें और खदान के सुरक्षा कर्मियों के साथ सख्ती से गश्त कराएं। यह कार्रवाई स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच अवैध गतिविधियों को रोकने में एक महत्वपूर्ण कदम है। पुलिस अवैध कारोबारियों के खिलाफ पूरी तरह से सख्त है।
-प्रशांत कुमार ठाकुर, एसएसपी सूरजपुर

## क्षेत्र में 18 मंदिरों के जीर्णोद्धार हेतु मिली 90 लाख की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

छत्तीसगढ़ शासन के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले के जनपद पंचायत राजपुर क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात दी गई है। विभाग ने नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायत में क्षेत्र के 18 मंदिरों के जीर्णोद्धार कार्यों हेतु कुल 90 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। प्रत्येक मंदिर के लिए 5-5 लाख रुपए की राशि निर्धारित की गई है। राजपुर जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल की मांग पर स्वीकृति मिली है। जनपद उपाध्यक्ष ने बताया कि स्वीकृत कार्यों में बुढ़ाबगीचा के पछिमा देवता मंदिर, कौडु शिव मंदिर, ओकरा के ढोढ़ी झरिया शिव मंदिर, नवकी समलाया मंदिर, अमदरी शिव मंदिर, घोरघड़ी का शिवडांड़ मंदिर, बरियों का राम मंदिर सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रमुख मंदिर शामिल हैं।

इसके अलावा नगर पंचायत राजपुर के वार्ड क्रमांक 1 सत्ती मंदिर, वार्ड 4 महामाया मंदिर, वार्ड 6 हनुमान मंदिर तथा वार्ड 13 स्थित कोठी पत्थर मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य भी इस स्वीकृति में शामिल हैं। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिन मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जाएगा वे निजी न होकर सार्वजनिक या सार्वजनिक ट्रस्ट द्वारा संचालित होने चाहिए। बताया जा रहा है कि यह स्वीकृति जनपद पंचायत राजपुर के उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल की मांग पर प्रदान की गई है। उनके द्वारा क्षेत्र के धार्मिक स्थलों के संरक्षण एवं विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। स्वीकृति मिलने पश्चात जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल का आभार किया है। मंदिरों के जीर्णोद्धार से न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर पर्यटन और सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।



■ जनपद व ग्राम पंचायत क्षेत्र में कराया जाएगा मरम्मत कार्य

## उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने के बाद शराब पीकर घूमने वाला प्रधान पाठक निलंबित

**बलरामपुर।** शराब पीकर गांव में घूमने और उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर ड्यूटी से गायब रहने वाले प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया गया है।

बता दें कि वाड्रफनगर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गैना के प्रधान पाठक आरएन कोल द्वारा उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर करने के बाद संस्था से फरार रहने और गांव में शराब पीकर नशे में घूमने की बात सामने आई थी। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच के निर्देश दिए थे। जांच में शिकायत सही पाई गई, जांच में पुष्टि हुई कि प्रधान पाठक आरएन कोल द्वारा अपने कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही और स्वेच्छाचारिता बरती गई। उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3, नियम-7, नियम-23 का स्पष्ट उल्लंघन है। अतः छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1)(क) के अंतर्गत संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग सरगुजा संभाग द्वारा प्रधानपाठक आरएन कोल को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए इनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय शंकरगढ़ नियत किया गया है।



## विकासखंड स्तरीय विज्ञान एवं गणित क्विज स्पर्धा 33 संकुलों के विद्यार्थियों ने लिया भाग

**लखनपुर।** विकास खंड शिक्षा कार्यालय के सभाकक्ष में विकासखंड स्तरीय विज्ञान एवं गणित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड के 33 संकुलों से विज्ञान एवं गणित विषय के प्रत्येक संकुल के एक-एक विद्यार्थियों ने भाग लिया। गणित विषय में प्रथम स्थान धनंजय पैकरा पूर्व माध्यमिक शाला अमेरा, द्वितीय स्थान खुशी ठाकुर पूर्व माध्यमिक शाला जूना लखनपुर, तृतीय स्थान दिलीप रजवाडे पूर्व माध्यमिक शाला पुहपुटरा तथा विज्ञान विषय में चंदा रजवाडे पूर्व माध्यमिक शाला बेलदगी, द्वितीय स्थान कुमारी मोना पूर्व माध्यमिक शाला लहपटरा तृतीय स्थान विकास कुमार पूर्व माध्यमिक शाला पुहपुटरा ने प्राप्त किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी देव कुमार गुप्ता, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी आलोक कुमार सिंह द्वारा बच्चों को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित कर अनुशासित नागरिक बनने की बात कही। साथ ही प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कोटबहरा गांव में हाथियों के दल ने किसानों की फसलों को पहुंचाई क्षति

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत कल्याणपुर अंतर्गत कोटबहरा गांव में पिछले दो दिनों से डेरा जमाए पांच सदस्यीय हाथियों द्वारा गर्मी सीजन की धान फसल और गन्ना फसल को भारी क्षति पहुंचाई है,गौरतलब है कि सोमवार की शाम बलरामपुर जिला के सरहद से पांच सदस्यीय हाथियों का दल ग्राम पंचायत कल्याणपुर के कोटबहरा गांव में पहुंच गया है। हाथियों के दल ने मंगलवार की रात गांव में खेतों का रुख किया और जमकर उत्पात मचाया। गाँव के साधु राम, लवकी और गिरधारी प्रधान ग्रामीणों की गर्मी सीजन की धान फसल को बुरी तरह रौंद दिया। वहीं पप्पू राम सिंह के गन्ने के खेत को भी भारी नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीणों के मुताबिक एक हाथी गांव के एक मकान के बेहद करीब पहुंच गया था जिससे घर में रह रहे लोग सहम गए, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंच कड़ी मशक्कत के बाद हाथियों को गांव से दूर खदेड़ा और एक बड़ा हादसा टल गया। हाथियों के रिहायशी इलाके में पहुंचने से पूरे गांव में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के डर से वे पूरी रात जागते रहे और अपने घरों की रखवाली करते रहे। लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही पहले भी देखी गई है। पीड़ित किसानों ने प्रशासन से फसल नुकसान का उचित मुआवजा देने एवं गांव के लोगों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

■ घरों के निकट से गुजरने पर डर से सहमे ग्रामीण, सतर्कता से बड़ा हादसा टला



## छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने 11 सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**प्रतापपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव के नाम 11 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।जिसमें मुख्य रूप से महंगाई भत्ता की लंबित एरियर्स राशि, वेतन विसंगति अन्य मुद्दों के लिए गठित पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, चार स्तरीय पदोन्नत, समयमान वेतनमान, 300 दिवस नगदी अवकाश करण सहित प्रमुख मांगो को लेकर नारेबाजी के साथ चतुर्थ चरण के आंदोलन का आगाज हुआ। इस दौरान प्रतिमा सिंह, आदेश कुमार रवि, राजेश साहू, राजकुमार सिंह, बसंत पैकरा, प्रतिभा गुप्ता, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. रफ्तार खान, डॉ. राजकुमार, धनुषधारी गुप्ता, विनोद रवि, करमचंद गुप्ता, महेन्द्र परिहार, महेंद्र सिंह मरावी, सुशील पैकरा, मोती राम, रैमूनि, संगीता शरण, सुनीता सिंह, शिल्पी रानी, राजकुमारी सोनपाकर, प्रभावती पैकरा, रामकुमारी शिदार, ठाकुर राजवाड़े, निशांत गुप्ता, प्रशांत पैकरा, सरिता, सीता रवि, अनीता बखला, अनुमाला टोप्पो, चांदनी सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।





## रायपुर में 4- 5 अप्रैल को होगा अग्रवाल समाज का भव्य परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

अग्रवाल समाज में विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए जीवनसाथी के चयन के उद्देश्य से प्रदेश स्तर पर अग्रवाल सभा रायपुर द्वारा आगामी 4 व 5 अप्रैल को रायपुर स्थित अग्रोहा धाम में भव्य युवक युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में रविवार को सामाजिक बैठक अग्रवाल सभा के आतिथ्य व अध्यक्ष अमृतलाल अग्रवाल के निवास में आयोजित की गई। जिसमें समाज के लोगों को सम्मेलन की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में रायपुर अग्रवाल सभा से आए परिचय सम्मेलन के प्रमुख रमेश अग्रवाल, प्रभारी विशम्भर अग्रवाल तथा सह प्रभारी पवन अग्रवाल ने सम्मेलन की रूपरेखा, पंजीयन प्रक्रिया और कार्यक्रम की विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य अग्रवाल समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक 'ऐसा मंच प्रदान करना है, जहां परिवार एक-दूसरे से परिचित होकर बेहतर वैवाहिक संबंधों की शुरुआत कर सकें। इस अवसर पर सरगुजा संभागीय अग्रवाल सभा के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में भाग लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में परिचय सम्मेलन समाज के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रहे हैं। ऐसे आयोजनों से युवक-युवतियों और उनके परिवारों को एक-दूसरे को समझने का अवसर मिलता है, जिससे अच्छे और स्थायी वैवाहिक संबंध स्थापित होते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों का बेहतर भविष्य और समय पर विवाह समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इस प्रकार के परिचय सम्मेलन समाज को एकजुट करने के साथ-साथ नई पीढ़ी के लिए सही जीवनसाथी खोजने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे हैं। बैठक में अग्रवाल सभा, अग्रसेन समिति, मारवाड़ी युवा मंच, अग्रवाल सम्मेलन, अग्रवाल संगठन, बायोडाटा समिति सहित भैयाथान अग्रवाल सभा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**आम सूचना**

मैं मंजर खलखो आत्मज मनसूख खलखो उम्र लगभग 63 वर्ष, जाति उरांव मु. सोनतराई थाना व तहसील सीतापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरा जन्म दिनांक 06/09/1957 (छह सितम्बर सन् उन्नीस सौ सन्तावन) है। मेरे पिता जी का नाम मनसूख खलखो तथामाता जी का नाम परमोदित है। अज्ञानतावश मैं जन्म का रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाया हूं जिस कारण जिला रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु अम्बिकापुर से प्राप्त प्रतिवेदन संलग्न है।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
मंजर खलखो
आ. मनसूख खलखो
निवासी-सोनतराई थाना व तहसील सीतापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
रा.प्र.क्र. /अ-20(1)/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण रामेश्वर प्रसाद तिवारी आ. स्व. कैलाश तिवारी, निवासी ग्राम सिंगचोरा, तहसील राजपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज, वंशनारायण तिवारी आ. स्व. कैलाश तिवारी, निवासी चन्द्रशेखर आजाद वार्ड चोपड़ापारा, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.), कृष्णानंद तिवारी आ. स्व. कैलाश तिवारी, निवासी ग्राम सिंगचोरा, तहसील राजपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि उनके स्वामित्व एवं अधिपत्य की शीट नंबर-01 मोहल्ला - चोपडापारा, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 9/25 रकबा 020 एकड़ भूमि की लीज समाप्ति तिथि 31.03.2026 है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का लीज अवधि बढ़ाये जाने हेतु आवेदन मय मेंटनेंस खसरा की प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27.03.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांकः- 12.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पवमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202603020700010/**
विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्:-2025-2026
फुन्दुरडिहारी (प.ह.न.00016),
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-कविता लकड़ा,
अनावेदक पक्षकार-कु. एडिलवर्ग पुत्री फागुअ लोइस लकडा
निर्मल
पुत्री, पुत्री सीमोन लकडा,

**ईश्तहार**

आवेदिका कविता लकडा आ. बेनेदिक लकडा निवासी ग्राम कुनकुरी जिला जशपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित भूमि खसरा नंबर 41, 42, 44, 46, 47, 48, 50,1 रकबा 0.983, 2.047, 0.425, 0.554, 0.020, 0.809 हे. मेंसे 4 एकड 50 डिसमिल भूमि के राजस्व अभिलेखों में वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 25.03.2026 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/03/2026 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर)

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202603020700014/**
विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्:-2025-2026
अम्बिकापुर प.ह.न.00015 [2110/13(0.0240 हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-प्रभाकर सिंह,
अनावेदक पक्षकार- मु.मनोरमा देवी,

**ईश्तहार**

आवेदक प्रभाकर सिंह पिता स्व. कैलाश बहादुर सिंह निवासी बौरीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 2110/13 रकबा 0.024 हे. भूमि के राजस्व अभिलेखों में मृतक खातेदार मनोरमा देवी का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 25.03.2026 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/03/2026 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर)

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल (MRM) हॉस्पिटल
जोड़ा तालाब के सामने,बाबूपारा अम्बिकापुर में परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे
प्रतिदिन विशेषज्ञ उपलब्ध
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य - जनरल फिजिशियन
डॉ. रिषभ गुप्ता - किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. समीर श्रीवास्तव - हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. चन्द्रांशु त्रिपाठी - मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता - कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. नताशा शर्मा - स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. मीना राव - आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. राहूल शामकांत जाधव - एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. आयुशी गुप्ता - न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. संदीप टी - साइक्रीट्रिक्स मनोरोग विशेषज्ञ
1.5 TESLA MRI
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
9826183780,8224007799,9425583780,9406183780
8224007766,8224007755,9406183780,8224007438
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆नसों का रोग
◆त्वचा एवं बालों का रोग ◆स्त्री रोग ◆मानसिक रोग
◆मूत्र संबंधी रोग ◆मधुमेह (डायबिटीज़) ◆नेत्र रोग
◆किडनी संबंधी रोग ◆पेट संबंधी विकार ◆थायराइड
◆अस्थमा ◆मोटापा ◆मांसपेशी का रोग
◆मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### इको टूरिज्म कार्यशाला के दूसरे दिन जैव विविधता संरक्षण और सतत पर्यटन पर विशेषज्ञों ने दिए सुझाव

**प्रेमनगर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय में राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान अंतर्गत इको टूरिज्म विषय पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन विशेषज्ञों ने प्रकृति संरक्षण, जिम्मेदार पर्यटन और स्थानीय संसाधनों के संतुलित उपयोग पर विस्तृत विचार प्रस्तुत किए। द्वितीय सत्र में मंच का सफल संचालन सचिव हरिशंकर ने किया। इस सत्र के मुख्य वक्ता मुकेश कुमार रजक ने अपने विस्तृत व्याख्यान में इको टूरिज्म के विभिन्न आयामों, उसके लाभों तथा सतत विकास में उसकी भूमिका पर गहन जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इको टूरिज्म केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का भी प्रभावी साधन है।यदि पर्यटक और स्थानीय समुदाय मिलकर पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता दिखाएं, तो प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करते हुए आर्थिक लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

### अवैध रूप से संचालित भट्ठों से 80 हजार ईंटें व 3 टन कोयला जब्त



**बलरामपुर।** जिले में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। कलेक्टर के निर्देश पर जिले में विभिन्न स्थानों से अवैध ईंट के साथ ही कोयला जब्त किया जा रहा है। संचालक चोरी किया गया कोयला ईंट भट्ठों में खपा रहे है। बता दें कि जिले में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन में राजस्व की टीम के द्वारा दो अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठों पर कार्रवाई करते हुए ईंट एवं अवैध कोयला जब्त किया गया है। एसडीएम अभिषेक गुप्ता के मार्गदर्शन में तहसीलदार सुनील कुमार गुप्ता के नेतृत्व में नगरपालिका बलरामपुर के वार्ड क्रमांक 13 में संचालित अवैध ईंट भट्टे पर कार्रवाई की गई। मौके पर लगभग 40,000 पकी हुई ईंटें, 15,000 कच्ची ईंटें तथा करीब 3 टन कोयला पाया गया, जिसे जब्त किया गया। इसी प्रकार ग्राम डूमरखी में भी अवैध ईंट भट्टे पर कार्रवाई करते हुए लगभग 25,000 ईंटों का अवैध निर्माण पाया गया जिसे जब्त कर आवश्यक कार्रवाई की गई है। उक्त प्रकरणों में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार प्रकरण तैयार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### शासकीय भूमि को कराया गया अतिक्रमण मुक्त



**बलरामपुर।** शासकीय भूमि पर किए गए कब्जे के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। जिले में अवैध अतिक्रमण कार्यों के मकानों पर बुलडोजर एक्शन लिया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रशासन ने अवैध रूप से बनाए गए मकान को बुलडोजर चलाकर जमींदोज कर दिया है। बता दें कि कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए है। इसी कड़ी में विकासखण्ड बलरामपुर अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अभिषेक गुप्ता के माार्गदर्शन में तहसीलदार द्वारा ग्राम बड़कीमहरी में अवैध अतिक्रमण हटाया गया। ग्राम बड़की महरी में त्रिभुवननाथ सिंह द्वारा अतिक्रमित शासकीय भूमि पर मकान एवं बाड़ी का अवैध रूप से निर्माण किया गया था। किया गया था। जिस पर आज प्रशासनिक टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण को हटाया गया और भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

### एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण अभियान की जिले में हुई शुरुआत

**अम्बिकापुर।** जिले में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन टीकाकरण अभियान का शुभारंभ 16 मार्च से हुआ। मातृत्व एवं शिशु अस्पताल में अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में अम्बिकापुर की महापौर श्रीमती मंजूषा भगत की उपस्थित रहीं। प्रथम एचपीवी वैक्सीन 14 वर्ष की अंकिता टोप्पो को लगाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी.एस.मार्को ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण हेतु वही किशोरियां पात्र होंगी, जिन्होने अपना 14 वां जन्मदिन मना लिया हो परंतु 15 वां जन्मदिन ना मनाया हो। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने लोगों से अपने 14 वर्ष की बेटियों को एचपीवी वैक्सीन लगाने हेतु आग्रह किया गया। इस दौरान डॉ. अविनाशी कुजुर द्वारा सर्वाइकल कैंसर व इससे बचाव हेतु एचपीवी वैक्सीन की उपयोगिता के सबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, श्रीमती ममता तिवारी, श्रीमती किरण साहू, अभय साहू, अनिल तिवारी, मनीष बारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में डीन डॉ. अविनाश मेश्राम, संयुक्त संचालक सह अधीक्षक डॉ रमेश चन्द्र आर्या, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीएस मार्को, सिविल सर्जन डॉ. जेके रेलवानी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पीके सिन्हा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. केपी विश्वकर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अविनाशी कुजुर, अंकित वर्मा, सुरेश एक्का उपस्थित रहे।

## लम्बे समय से मनचाहे पदों पर जमें कर्मचारियों को लौटना होगा मूल पदस्थापना स्थल

# संभाग के भीतर स्वास्थ्य विभाग में 432 चिकित्सक और कर्मचारी अटैचमेंट में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अपने मूल पदस्थापना को छोड़कर वर्षो से मलाईदार पदों पर जमें हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को वापस लौटना होगा। कर्मचारियों के संलग्नीकरण को शासन ने समाप्त कर दिया है और उन्हें वापस लौटने का निर्देश दिया गया है। इस बीच सरगुजा संभाग में 432 अधिकारी कर्मचारियों के अपने मूल पदस्थापना के विपरीत पसंदीदा स्थानों पर नौकरी करने की जानकारी सामने आई है। संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने सभी का अटैचमेंट समाप्त कर उन्हें मूल पद पर वापस भेजने के निर्देश दिए है।

**खास बात**

- स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश पर चल रही प्रकिया

बता दें कि स्वास्थ्य विभाग में वर्षो से चिकित्सक से लेकर पैरा मेडिकल स्टाफ व अन्य कर्मचारी वर्षो से अपनी मूल पदस्थापना को छोड़कर मनचाहे स्थानों पर बैठकर नौकरी कर रहे है। अपने मनचाहे स्थान पर नौकरी करने के लिए अधिकारी-कर्मचारियों ने बड़े पैमाने पर सोर्स भी लगाए और यही वजह है कि नियम विपरीत वे अपने अटैचमेंट में काम कर रहे है। इस तरह काम करने से सबसे ज्यादा समस्या अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र में होती है जहां पर उनकी पदस्थापना की गई है। शासन द्वारा रिक्त पदों के आधार पर भर्ती प्रक्रिया के तहत उन चिकित्सक, कर्मचारियों की भर्ती व नियुक्ति की थी लेकिन वर्तमान में वे अपने मूल पदस्थापना स्थल से अलग है जिससे उन अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रभावित होती है और मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यही वजह है कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहार जायसवाल द्वारा सदन में संलग्नीकरण को समाप्त करने की घोषणा की गई थी जिसके बाद इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया था।




**सर्वाधिक एमसीबी में अटैचमेंट**

वर्षों से अपनी मूल पदस्थापना को छोड़कर दूसरे स्थानों पर जमें स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों में सर्वाधिक एमसीबी जिले में है। एमबीसी जिले में 100, सरगुजा में 69, जशपुर जिले में 63, बलरामपुर जिले में 60, सूरजपुर जिले में 96 व कोरिया जिले में 44 चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ व अन्य कर्मचारी संलग्नीकरण में है। अब शासन द्वारा आदेश जारी होने के बाद संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल कुमर शुक्ला ने भी सभी सीएमएचओ को आदेश जारी कर सभी स्तर से किए गए अटैचमेंट को समाप्त करने और कर्मचारियों को मूल पदस्थापना स्थल पर भेजने के निर्देश दिए है।

**जिले में 45 प्रतिशत पद रिक्त**

संलग्नीकरण निरस्त करने का आदेश जारी होने से एक ओर जहां मूल पदस्थापना स्थल छोड़कर वापस जाने से उन स्थानों में व्यवस्था सुधरेगी तो वहीं दूसरे अस्पतालों में व्यवस्था चरमरा जाएगी। सबसे बड़ी बात यह है कि सिर्फ सरगुजा में ही लगभग 45 प्रतिशत पद स्वास्थ्य विभाग में रिक्त है और इन रिक्त पदों पर ही कर्मचारियों को रखकर काम कराया जा रहा था। ऐसे में उन अस्पतालों में मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**जारी किया गया है आदेश**

संलग्नीकरण का आदेश निरस्त करने हेतु निर्देशित किया गया है। सभी सीएमएचओ को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। शासन के निर्देशानुसार नियम का पालन काया जाएगा।

-डॉ. अनिल कुमार शुक्ला
संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं

## 22 को होगी बुनियादी साक्षरता महापरीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

भारत सरकार एवं राज्य शासन के साझा साक्षरता अभियान अंतर्गत जिले में 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर व्यक्तियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। जिले के समस्त ग्राम, पारा, टोला एवं मोहल्लों में सर्वे के माध्यम से चिन्हांकित असाक्षर महिला-पुरुषों के लिए 22 मार्च को राज्यव्यापी महापरीक्षा अभियान के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान आकलन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

- जिले के उल्लास केन्द्रों में तैयारी जोरों पर

चिन्हांकित शिक्षार्थियों को उनके ही पारा-मोहल्ले में संचालित उल्लास केन्द्रों में नियमित पठन-पाठन कराया जा रहा है। इन केन्द्रों में स्वयंसेवी शिक्षकों द्वारा स्थानीय सरगुजिहा बोली में पढ़ना-लिखना, अक्षर ज्ञान एवं बैंकिंग लेन-देन संबंधी व्यावहारिक जानकारी प्रदान की जा रही है। शिक्षार्थियों को भारत सरकार के उल्लास पोर्टल तथा राज्य शासन के वीएसके वेब पेज पर पंजीकृत कर उल्लास प्रवेशिका एवं उल्लास अभ्यास-पुस्तिका भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि 22 मार्च की परीक्षा में ऐसे पूर्व-पंजीकृत शिक्षार्थियों को भी शामिल किया जा रहा है, जो किसी कारणवश पूर्व में परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद लंबे अंतराल से पढ़ना-लिखना भूल चुके थे। जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र पाटले ने शिक्षार्थियों को बढ़ चढ़कर भाग लेने की बात कही। उन्होंने जिले, जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के समस्त पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि जन-जन को साक्षर किए जाने का यह अभियान केवल प्रशासन का नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है।

## कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में युवती व वृद्ध की मौत

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में युवती व वृद्ध की निजी अस्पताल में मौत हो गई। युवती ने टेंशन में आकर जबकि वृद्ध ने पत्नी की मौत हो जाने तथा अकेलापन से परेशान होकर कीटनाशक पी लिया था। दोनों मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम धंधापुर कुनीकला निवासी कुंती प्रधान आ. गुलाब प्रधान (26 वर्ष) भिलाई में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। 9 मार्च की दोपहर अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवती को बरियो अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। इसी बीच अस्पताल में भाई ऋषि ने कीटनाशक पीने के संबंध में पूछा तो बहन ने बताई की वह टेंशन में जहर पी ली लेकिन क्या टेंशन है यह नही बताई। इधर परिजन युवती को बेहतर उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां 17 मार्च को युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में ग्राम डिगमा निवासी बनीकांत जददार आ. स्व. फकीर चंद जददार (67 वर्ष) 17 मार्च की सुबह झोला लेकर बाइक से निकला था। दोपहर को घर आया तो उल्टी करने लगा। बहू ने ससूर को उल्टी करते देख पति को घटना की सूचना दी।

परिजन वृद्ध को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पुत्र गोविंद जददार ने पिता से जहर पीने के संबंध में पूछा तो पिता ने बताया कि उसकी मां के मौत हो जाने से परेशान था और जीना नहीं चाहता। इसी कारण से कीटनाशक पी लिया। इसी बीच वृद्ध की देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई। पुत्र ने बताया कि अकेलापन के कारण पिता ने साल 2024 में भी कीटनाशक पी लिया था। पुलिस ने दोनों ही मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## चेक डेम निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल, जांच समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

जनपद पंचायत राजपुर अंतर्गत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत कराए जा रहे चेक डेम निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठने के बाद जिला प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए जांच समिति का गठन किया है। यह कार्रवाई 12 मार्च को समाचार पत्र में प्रकाशित खबर चेकडेम निर्माण की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल के संदर्भ में की गई है। जिला पंचायत बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा जारी आदेश के अनुसार, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बलरामपुर द्वारा जनपद पंचायत राजपुर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कराए जा रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता संबंधी अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई थी। इन शिकायतों की निष्पक्ष जांच के लिए पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है।

- खबर प्रकाशन के बाद एसडीएम की अध्यक्षता में बनी टीम

**खबर का असर**

जांच समिति में एसडीएम देवेन्द्र प्रधान को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी जेके तिग्गा, जल संसाधन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी महेन्द्र सांडिल्य, जिला पंचायत के तकनीकी समन्वयक अभिषेक मिश्रा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के सहायक अभियंता सूर्यकांत जासवाल को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जारी आदेश में समिति को निर्देशित किया गया है कि तथ्यों तथा संबंधित निर्माण कार्यों के अभिलेखों की गहन जांच कर स्पष्ट अभिमत सहित अपना प्रतिवेदन तीन दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। साथ ही ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के कार्यपालन अभियंता को निर्देश दिया गया है कि वे जांच समिति को आवश्यक सभी दस्तावेज उपलब्ध कराएं, ताकि जांच प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से पूरी हो सके।



**मानकों के विपरीत कराया जा रहा चेकडेम का निर्माण, ग्रामीणों में रोष**

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

जनपद पंचायत राजपुर अंतर्गत कई ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत चेक डेम निर्माण कार्य कराया जा रहा है लेकिन इन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। आरोप है कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) विभाग द्वारा लगभग दस करोड़ रुपए की लागत से दर्जनों पंचायतों में बनाए जा रहे चेक डेम स्तरहीन तरीके से निर्मित किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत लड़ुआ, सिंगचौरा, चंद्रगढ़, पतरापारा, चिलमा, बाड़ी चलगली, कोडू, बदौली, करया, अलखडीहा, परती, पकराड़ी, डिगनगर, कुंदीखुर्द, पहाड़ खड़ुआ और खोखनिया सहित दर्जनों पंचायतों में चेक डेम निर्माण का कार्य चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है और योजना की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई स्थानों पर निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे चेक डेम की मजबूती और उपयोगिता पर संदेह पैदा हो गया है। यदि समय रहते निर्माण कार्यों की तकनीकी जांच नहीं कराई गई तो भविष्य में इन संरचनाओं के क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मनरेगा के तहत चल रहे इन निर्माण कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जहां भी अनियमितता पाई जाए वहां जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी राशि का दुरुपयोग रोका जा सके और ग्रामीणों को योजना का वास्तविक लाभ मिल सके।

- निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग

**कराया जाएगा सुधार**

चेक डेम निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप कराया जा रहा है। अगर निर्माण में कोई त्रुटि हुई होगी तो उसे सुधार कराया जाएगा।

-जानू राम खेलवानी
एसडीओ आरईएस

### अत्यधिक शराब पीने से गंभीर राजमिस्त्री की मौत

**अम्बिकापुर।** अत्यधिक शराब पीने से गंभीर हुए राजमिस्त्री की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम सायाराई निवासी राजमिस्त्री नंदू राम आ. नटरू राम (37 वर्ष) पत्नी व साला के साथ जगदीशपुर में रहकर जगदीशपुर में बन रहे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में काम कर रहा था। मंगलवार को काम पर न जाकर पत्नी के साथ शराब पी रहा था। इसी बीच राजमिस्त्री ने अत्यधिक शराब पी लिया जिसके बाद पत्नी को सांस लेने में दिक्कत होने की बात बताई। पत्नी ने भाई को घटना की जानकारी दी। परिजन शाम को राजमिस्त्री को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत राजमिस्त्री को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### पानी टंकी के पिलर से टकराया पिकअप, युवक की मौत

**अम्बिकापुर।** जयनगर थाना अंतर्गत सिलफिली निवासी प्रणव मंडल आ. समरेश मंडल (30 वर्ष) मंगलवार को गांव के ही संजय मंडल के साथ पिकअप से चंदोरी डांड की ओर गए थे। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर चंदोरी डांड़ स्कूल के समीप पानी टंकी के पिलर से टकरा गई। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप सवार प्रणव मौके पर ही अचेत हो गया जबकि संजय घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायलों को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत प्रणव मंडल को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## झूलेलाल जयंती पर चेटीचंड महोत्सव का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



सिंधी समाज का प्रमुख त्योहार चेटीचंड महोत्सव 15 मार्च से शुरू हो गया है। महोत्सव की शुरुआत गांधी स्टेडियम में आयोजित एक दौड झूलेलाल के नाम से की गई। इसके साथ ही 17 मार्च को सिंधी प्रीमियर लीग-2 फ्लड नाइट क्रिकेट मैच से हुआ इस लीग में 6 टीमों ने हिस्सा लिया है।

- सिंधी समाज का 6 दिवसीय उत्सव 20 मार्च तक

समाज के मीडिया प्रभारी निशित बचानी ने बताया कार्यक्रम की शुरुआत 15 मार्च को गांधी स्टेडियम सुबह 6 बजे एक दौड श्री झूलेलाल के नाम आयोजित गई। इसके बाद 18 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे साथ ही सिंधु ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 18 मार्च को सिन्ध जो मेलो का आयोजन होगा, 18 मार्च को सुबह 6:30 बजे शंकरघाट की सफाई अभियान तथा 19 मार्च शाम 6 बजे घड़ी चौक्क पर दीप प्रज्वजलन का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में युवाओं द्वारा 30 मार्च को सुबह आरती के बाद 11 बजे स्कूटर रैली निकाली जाएगी। महोत्सव का मुख्य आकर्षण 2030 मार्च को शाम 5 बजे निकलने वाली भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा होगी। यात्रा सिंधु भवन से प्रारंभ होगी। भगवान झूलेलाल रथ पर विराजमान होंगे। यात्रा में विभिन्न झांकियां भी शामिल रहेंगी। बहार से आये कलाकारों द्वारा भव्य रोड शो का भी आयोजन किया गया है। यात्रा झूलेलाल मार्ग स्थित सिन्धु भवन से शुरू होकर महाराजा गली, देवीगंज रोड, संगम चौक, महामाया चौक, गुरुद्वारा, गुरुननाक चौक, पुलिस लाईन, गौरी मन्दिर होते हुए शंकर घाट पहुंचेगी जहां पवित्र ज्योति विसर्जन के साथ इस यात्रा का समापन होगा। समाज के अध्यक्ष अशोक नागवानी, सिन्धी महिला मंडल की अध्यक्ष ज्योति पोपटानी एवं नवयुवक मंडल के अध्यक्ष नितिन रेलवानी ने सभी समाज के लोगो को अपने प्रतिष्ठान को पूर्ण रूप से बंद करके कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।

## छत्तीसगढ़ प्रदेश रसोइया विकास महासंघ का तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश रसोईया विकास महासंघ का तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ। महासंघ ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

- मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ प्रदेश रसोईया विकास महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष चिंतामणि दास के नेतृत्व में तहसील कार्यालय के समीप अपनी मांगों को लेकर तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन का समापन बुधवार की शाम हुआ। छत्तीसगढ़ प्रदेश रसोईया विकास महासंघ ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम तहसीलदार अंकिता पटेल को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेखनीय है कि समस्त रसोईया कर्मचारी मध्यान भोजन योजना अंतर्गत कार्यरत है। अत्यंत कम मानदेय और कठिन परिस्थितियों में अपना कार्य कर रहे हैं। वर्तमान में आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है जिसे जीवन यापन करना कठिन हो गया है। ज्ञापन में प्रमुख मांगे रसोइयों का मानदेय कम से कम 10 हजार प्रतिमाह, नियमित एवं समय पर भुगतान सुनिश्चित किए जाने, रसोइयों को शासकीय कर्मचारी का दर्जा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन की सुविधा, कार्य के दौरान सुरक्षा एवं आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराए जाने मांग की है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में जिले के रसोईया संघ के लोग मौजूद रहे।



ज्ञापन सौंपते संघ के पदाधिकारी।



## तीन दिवसीय ताइक्वांडो प्रशिक्षण का समापन

**अंबिकापुर।** ताइक्वांडो क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय एडवांस ताइक्वांडो ट्रेनिंग प्रोग्राम राजमोहिनी देवी सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विदिशा के ताइक्वांडो प्रशिक्षक नैशनल रेफरी ध्रुव लोधी तथा कोरबा की ताइक्वांडो प्रशिक्षक सुश्री स्नेहा साहू ने बच्चों को ताइक्वांडो के गुर सिखाए। प्रशिक्षण में स्थानीय बच्चों के साथ एकलव्य आवासीय विद्यालय, कन्या परिसर, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने भागीदारी की। अतिथियों द्वारा भागीदारी करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि ताइक्वांडो आत्मरक्षा का बेहतरीन खेल है। ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का विकास होता है, इसलिए खेल जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन ताइक्वांडो क्लब के संरक्षक संतोष दास तथा आभार प्रदर्शन महासचिव अनिल द्विवेदी ने किया। इस दौरान प्रशिक्षक राधेश्याम मानिकपुरी, श्रवण पांडे, फरीद बेक, लीला आगरे, प्रिया सिंह, जयेश वर्मा, देवेश वर्मा, अश्वनी, दीपक वसूले, राकेश मिश्रा, राजेश सिंह आदि उपस्थित थे।

- 169 बच्चों ने की भागीदारी

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया
पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411